



... सिर्फ सच का साथ

# जनमुख

वाराणसी, शनिवार, 27 दिसम्बर-2025

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वाराणसी, लखनऊ, दिल्ली एवं पूर्वी उत्तर प्रदेश व पश्चिमी बिहार में प्रसारित

● वर्ष-43 ● अंक 111 ● पृष्ठ 8 ● मूल्य 2 रुपया








# अंकिता हत्याकांड से सियासी तूफान

## अभिनेत्री उर्मिला सनावर के वीडियो में क़त्ल का रहस्य खोलने का दावा






● पार्टी के नेताओं को लेकर रोज लगाए जा रहे हैं आरोप, भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व गंभीर, पूरे मामले में ली रिपोर्ट

● कांग्रेस और यूकेडी ने सीबीआई जांच की मांग तेज कर दी

**देहरादून।** उत्तराखंड में अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर सोशल मीडिया में प्रसारित हो रहे अभिनेत्री उर्मिला सनावर के वीडियो के मामले पर भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व गंभीर है। राष्ट्रीय नेतृत्व ने पूरे मामले की रिपोर्ट ली है। लगातार सामने आ रहे तथ्यों और राजनीतिक हलचल पर नजर भी रखी जा रही है। बीते कई दिनों से अभिनेत्री उर्मिला सनावर के सिलसिलेवार वीडियो ने सोशल मीडिया ही नहीं पूरे प्रदेश में राजनीतिक भूचाल ला दिया है। उर्मिला अपने वीडियो में जहां अंकिता भंडारी हत्याकांड की परतें खोलने का दावा कर रही है तो वहीं वीआईपी नामों को लेकर भी पार्टी के ही वरिष्ठ नेताओं पर आरोप लगा रही है। वायरल वीडियो से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता असहज हो रहे हैं। महिला की ओर से हर दिन सोशल मीडिया पर लाइव आकर पार्टी के बड़े नेताओं के नाम लेकर लगाए जा रहे आरोप, टेलीफोन पर की जा रही बातचीत का रिकॉर्ड, संबंधित तस्वीरों से पार्टी की छवि खराब हो रही है। प्रदेशभर से लोग सोशल मीडिया पर इन वीडियो में दिए जा रहे तथ्यों पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। पहले पार्टी के अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने मामले पर अपना पक्ष रखते हुए कांग्रेस को दोषी ठहराया। इसके बाद प्रदेश प्रभारी व राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम ने मीडिया के सामने अपनी पीड़ा बयां करते हुए कानूनी कार्रवाई की बात की है। उधर, कांग्रेस और यूकेडी नेताओं ने मामले को गंभीर मानते हुए इसकी सीबीआई जांच की मांग तेज कर दी है। इस सियासी भूचाल का असर दिल्ली तक नजर आ रहा है। भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व पूरे प्रकरण को लेकर गंभीर है। राज्य से इस मामले पर रिपोर्ट ली गई है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रीय नेतृत्व लगातार मामले पर नजर बनाए हुए है। अंकिता भंडारी हत्याकांड के सभी पहलुओं और न्यायालय से हुई सजा के साथ ही पार्टी नेताओं के रुख पर भी नजर है। इस घटना का असर भविष्य में होने वाले संगठन के फेरबदल में भी नजर आ सकता है। संगठन के वरिष्ठ नेता भी अब मीडिया से सीधे बात करने से बच रहे हैं। संगठन की ओर से शुक्रवार को प्रदेश प्रवक्ता व राजपुर विधायक खजानदास ने पार्टी का पक्ष जरूर रखा। भाजपा राष्ट्रीय नेतृत्व इस पूरे प्रकरण में सियासी नफा-नुकसान भी देख रहा है। नौ साल से राज्य की सत्ता पर काबिज भाजपा के सामने 2027 चुनाव में जीत की हैट्रिक मारने की चुनौती है। लिहाजा, पार्टी के नेता बहुत सुरक्षात्मक अंदाज में ही मामले को लेकर चल रहे हैं। अंदरखाने मौडिया में बेवजह की बयानबाजी से परहेज करने को कहा गया है।

### सबूत लाओ तो संन्यास ले लूंगा

● राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम ने किया आरोपों का खंडन



**देहरादून।** अंकिता भंडारी हत्याकांड को लेकर अभिनेत्री उर्मिला सनावर के सोशल मीडिया में लगाए गए आरोपों से भाजपा प्रदेश प्रभारी और राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम आखिर शुक्रवार को सामने आए। उन्होंने कहा कि मेरे खिलाफ आपराधिक षडयंत्र हो रहा है। सबूत लाओ तो मैं संन्यास ले लूंगा। मीडिया में जारी अपनी वीडियो में पार्टी नेता दुष्यंत गौतम ने कहा कि अपने राजनीतिक, धार्मिक, सामाजिक जीवन में 47 वर्ष से लगातार काम कर रहे हैं। अपने नैतिक मूल्यों को, भारतीय जनता पार्टी की प्रमाणिकता को, समाज में बहन-बेटियों की इज्जत को सर्वोपरि मानते हुए काम किया। आज तक जीवन में भी ऐसी घटना नहीं हुई, जिससे मेरे चरित्र पर सवाल उठे हों। दुष्यंत गौतम ने कहा है कि मैं दुखी होकर आपके सामने आ रहा हूं। जिस प्रकार कुछ असामाजिक लोग, गलत प्रवृत्ति के लोग मेरी छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं, उनको आगाह करना चाहता हूं कि जिस प्रकार मीडिया, सोशल मीडिया में लगातार वीडियो चल रही है। जहां से शुरू हुई हैं, उस व्यक्ति की जांच होनी चाहिए। उससे तथ्य लेने चाहिए। तथ्यों की प्रमाणिकता देखनी चाहिए। पार्टी प्रदेश प्रभारी गौतम ने वीडियो के माध्यम से कहा है कि वह जांच को तैयार हैं। जो उनकी छवि को धूमिल करने का काम कर रहे हैं, उन सबकी जांच की जाएगी। जिस व्यक्ति ने ये षडयंत्र रचा है, उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मानहानि का मुकदमा भी करूंगा। मेरे विरुद्ध ऐसा कोई भी सबूत दिखता है तो मैं राजनीतिक व सामाजिक जीवन से संन्यास ले लूंगा, लेकिन ऐसे षडयंत्र जो हमारी बेटी का नाम लेकर बार-बार अपमान करने का काम कर रहे हैं। मां, बहन, बेटियों का भी अपमान है। मेरा भी चरित्र हनन का काम कर रहे हैं। उन्हें कार्रवाई के लिए तैयार रहना चाहिए। मैंने सचिव गृह को भी पत्र भेजा है।

### अखलाक लिंचिंग केस में अदालत ने योगी सरकार की याचिका को किया खारिज

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के अखलाक लिंचिंग केस में उत्तर प्रदेश सरकार को एक बड़ा कानूनी झटका लगा है। सूरजपुर की जिला अदालत ने लिंचिंग आरोपियों के खिलाफ मुकदमा वापस लेने से जुड़ी योगी सरकार की याचिका को खारिज कर दिया है। जो याचिका मुकदमा वापस लेने के लिए जारी की दायर की गई थी। उसे अदालत ने साफ कर दिया है कि यह मामला बंद नहीं होगा और आरोपियों के खिलाफ ट्रायल जारी रहेगा। यूपी सरकार की ओर से दाखिल की गई केस वापसी की अर्जी पर अदालत ने सुनवाई के बाद तीखी टिप्पणी की। कोर्ट ने अभियोजन पक्ष यानी प्रोसीक्यूशन जो पक्ष है उसको उसकी दलीलों को आधारहीन और महत्वहीन यानी बेसलेस एंड इर्रेलेवेंट बताया। कहा कि केस वापस लेने के लिए कोई ठोस कानूनी वजह सामने नहीं रखी गई।

### कांग्रेस की 'इंदिरा भवन' में CWC की अहम बैठक में दिग्गजों का जमावड़ा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को नई दिल्ली के इंदिरा भवन स्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) मुख्यालय में कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक की अध्यक्षता की। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और अन्य वरिष्ठ दलीय नेता बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हरीश रावत, पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद, सांसद राजीव शुक्ला और सांसद अभिषेक मनु सिंहवी सहित अन्य नेता भी मौजूद थे। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया भी बैठक में मौजूद थे, जबकि राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की अटकलें लगाई जा रही हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर भी पार्टी के साथ अपने उतार-चढ़ाव भरे संबंधों के बावजूद बैठक में मौजूद थे।

### अराजक तत्वों ने शिव मंदिर से उखाड़कर फेंकी हनुमान प्रतिमा, ग्रामीणों में आक्रोश

**फिरोजाबाद।** रजावली के चिलासनी गांव स्थित शिव मंदिर में शुक्रवार रात अराजक तत्वों ने हनुमान जी की मूर्ति उखाड़कर परिसर में फेंक दी। शनिवार सुबह सात बजे ग्रामीणों को जानकारी हुई तो भीड़ जुट गई। सूचना पर पुलिस पहुंची। ग्रामीणों और राष्ट्रीय बजरंग दल कार्यकर्ताओं के आक्रोश को देखते हुए थानाध्यक्ष ने तुरंत नई मूर्ति को मंगवाया। साथ ही अराजक तत्वों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। गांव चिलासनी में बस्ती से बाहर वर्षों पुराना शिव मंदिर है। इसमें कई देवी-देवताओं की मूर्ति स्थापित है। शुक्रवार रात अराजक तत्वों ने मंदिर में स्थापित हनुमान जी की दो फीट की मूर्ति उखाड़कर परिसर में फेंक दी। शनिवार सुबह सात बजे गांव की मंजू देवी मंदिर में साफ-सफाई करने पहुंची तो परिसर में हनुमान जी की उखड़ी हुई मूर्ति देखकर सन्न रह गईं।

### झगड़े की सूचना पर पहुंचे पुलिसवालों की पिटाई

**हाथरस।** जंक्शन कोतवाली क्षेत्र के नूरपुर गांव में शुक्रवार रात्रि दो पक्षों के बीच हुए झगड़े की सूचना पर पहुंची 112-पीआरवी की पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने अचानक हमला कर दिया। महिलाओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पुलिसकर्मियों को घेर लिया, गाड़ी पर पथराव कर पुलिसकर्मियों से मारपीट की, जिससे वाहन के शीशे टूट गए और तीन पुलिसकर्मी घायल हो गए। गांव नूरपुर में दो पक्षों के बीच विवाद के बाद पुलिस को सूचना मिली कि स्थिति बिगड़ रही है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो ग्रामीणों ने एक पुलिसकर्मी पर किशोर को थप्पड़ मारने और उसे गाड़ी में बैठाने की कोशिश का आरोप लगाया। यह घटना देखते ही देखते ग्रामीणों के गुस्से को उजागर कर गई। भीड़ ने पुलिसकर्मियों को घेर कर गाड़ी से बाहर खींचा, लाठी-डंडे और पत्थर बरसाए। महिलाओं ने भी पुलिसकर्मियों को पकड़ कर पीटा।

### बीजेपी और शिवसेना में बिगड़ी बात, अलग-अलग शुरू किया प्रचार

**नई दिल्ली।** ठाणे नगरपालिका चुनाव से पहले महाराष्ट्र की दो सहयोगी पार्टियों में भी सियासी घमासान छिड़ गया है। सीएम फडणवीस के नेतृत्व वाली बीजेपी और डिप्टी सीएम शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना आमने-सामने खड़ी हैं। दोनों पार्टियों ने अलग-अलग चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। ठाणे सीट को एकनाथ शिंदे का गढ़ माना जाता है। मगर, लंबे समय से बीजेपी और शिवसेना में बाद न बनने के बाद दोनों पार्टियों ने चुनावी बिगुल फूंक दिया है।

### एक हफ्ते में 27,771 महंगी हो गयी चांदी, 1 किलो का भाव 2.28 लाख

**मुंबई।** चांदी की कीमत में लगातार पांचवे हफ्ते तेजी देखने को मिली। IBJA के अनुसार 19 दिसंबर को एक किलो चांदी की कीमत 2,00,336 रुपए थी, जो एक हफ्ते में 27,771 रुपए बढ़कर 26 दिसंबर को 2,28,107 रुपए/kg पर पहुंच गई है। इस हफ्ते चांदी ने लगातार चार दिन ऑल टाइम हाई बनाया और हफ्ते के आखिरी दिन शुक्रवार को 9,124 रुपए चढ़कर बंद हुआ।

### ठंड से बचने के लिए जलायी अंगीठी ने ली चार की जान, तीन की हालत गंभीर

**छपरा।** बिहार के छपरा शहर में भगवान बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत अंबिका भवानी कॉलोनी, भारत मिलाप चौक के पास शुक्रवार की देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। ठंड से बचने के लिए घर के अंदर जलाई गई अंगीठी से निकले जहरीले धुएं ने एक ही परिवार के चार लोगों की जान ले ली, जबकि तीन अन्य की हालत गंभीर बनी हुई है। मृतकों में एक वृद्ध महिला और तीन मासूम बच्चे शामिल हैं, जिससे पूरे इलाके में कोहराम मच गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, परिवार के सदस्य रात में ठंड अधिक होने के कारण कमरे के भीतर अंगीठी जलाकर सो गए थे। बंद कमरे में अंगीठी का धुआं फैलने से कार्बन मोनोऑक्साइड गैस जमा हो गई, जिससे सभी लोग बेहोश हो गए। देर रात तक किसी को घटना की भनक नहीं लगी। सुबह जब परिवार के अन्य सदस्यों ने दरवाजा खोला तो कुछ लोग अचेत अवस्था में मिले, जबकि चार की मौत हो चुकी थी।




### ट्रंप-जेलेंस्की बैठक से पहले रूस का कीव पर मिसाइल और ड्रोन हमला

**कीव।** रूस और यूक्रेन के बीच लगभग चार साल से जारी संघर्ष दिन-प्रतिदिन और घातक रूप लेता हुआ दिख रहा है। जहां एक बार फिर यूक्रेन की राजधानी कीव पर 27 दिसंबर की रात को बड़े पैमाने पर मिसाइल और ड्रोन हमला हुआ। शहर और आसपास के इलाकों में कई विस्फोटों की आवाज सुनी गई। यह हमला उस समय हुआ जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के बीच रविवार को फ्लोरिडा में होने वाली शांति बैठक की तैयारी चल रही थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, रूस ने किंझाल हाइपरसोनिक मिसाइल, चार इस्कैंडर बैलिस्टिक मिसाइल और कई कालिब्र क्रूज मिसाइलें कीव पर दागीं। इसके अलावा कई ड्रोन (यूएवी) शहर और आसपास के इलाकों में देखे गए। वहीं एक बार फिर रूस के हमले में कीव से लगभग 20 किलोमीटर दूर स्थित ब्रावरी नामक शहर में बिजली गायब हो गई।

## ऑस्ट्रेलिया को घर में मिली मात

### 18 मैचों में शिकस्त के बाद इंग्लैण्ड ने चखाया पराजय का स्वाद

● इससे पहले इंग्लैंड को 2011 में मिली थी जीत



**मेलबर्न।** इंग्लैंड ने एशेज सीरीज के चौथे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हरा दिया। इसी के साथ इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया में 18 टेस्ट मैचों से चला आ रहा जीत का इंतजार खत्म किया। इससे पहले इंग्लैंड को ऑस्ट्रेलिया में आखिरी टेस्ट जीत 2011 में सिडनी (SCG) में मिली थी। इसके बाद खेले गए 18 टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने 16 मैच जीते, जबकि 2 मुकाबले ड्रॉ रहे। इंग्लैंड का यह बिना जीत का दौर 2013-14 की एशेज सीरीज में 5-0 से हार के बाद शुरू हुआ था। मैच के दूसरे दिन आज शनिवार को ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को जीत के लिए 175 रन का टारगेट दिया था, जिसे इंग्लिश टीम ने 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया। मेलबर्न में खेले गए इस मैच में ऑस्ट्रेलिया दूसरी पारी में 132 रन पर ऑलआउट हो गई थी। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया पहली पारी में 152 रन पर सिमट गई थी, जबकि इंग्लैंड पहली पारी में 110 रन ही बना सका था। इस तरह ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 42 रन की बढ़त मिली थी, लेकिन दूसरी पारी में इंग्लैंड ने शानदार वापसी करते हुए मैच अपने नाम कर लिया। मैच में कुल 7 विकेट लेने वाले इंग्लिश पेसर जोश टंग को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

**जनमुख हिन्दी दैनिक City लाइव**

● तापमान अधिकतम : 16.0°C
● तापमान न्यूनतम : 7.2°C
● सूर्योदय : 06.10
● सूर्यास्त : 05.14

वाराणसी, 27 दिसम्बर, शनिवार, 2025 (2)


छाया : जनमुख डेस्क


जनमुख डेस्क

जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी के नेतृत्व में शुक्रवार को सभी राजकीय एवं स्वयंसेवी संस्थाओं में वीर बाल दिवस मनाया गया

# कालोनी की दीवार तोड़े जाने से आक्रोश

## पुलिस पर भूमाफिया के समर्थन में पक्षपात का आरोप, महिलाओं से दुर्व्यवहार










**● थाना प्रभारी ने दिया कोर्ट के आदेश को तामिल कराने का हवाला**

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** आज भोर में चार से पांच बजे के बीच जब न्यूनतम तापमान 7-8 डिग्री सेल्सियस के नीचे था, लोग कठोर ठंड के चलते रजाई और कंबलों में दुबके हुए थे, तभी दीवार तोड़ने की आवाज ने कॉलोनी के शांत माहौल को भंग किया। जिसके बाद लोग घरों से बाहर निकले तो पता चला कि कॉलोनी की दीवार को तोड़ा जा रहा है। मामला महमूरगंज के नवोदित नगर एक्सटेंशन का है जहां भूमाफियाओं ने कॉलोनी की दीवार तोड़ कर रास्ता बना लिया। दीवार को टूटता देखकर कॉलोनी के बड़े-बुजुर्ग और महिलाएं सभी एकत्रित हो गए और उन्होंने दीवार तोड़ जाने का सख्त विरोध करते हुए 112 नंबर पर पुलिस को कॉल लगाया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तत्काल दीवार तोड़ने पर रोक लगायी और मामले की सूचना भेलूपुर थाने को दी। जिस पर मौके पर पहुंची थाने की पुलिस ने भूमाफियाओं से बातचीत के बाद कोर्ट के आदेश का हवाला देकर दीवार तोड़े जाने के जायज ठहराया। उधर कॉलोनीवासियों का कहना है कि भूमाफिया लंबे समय से कॉलोनी की दीवार तोड़कर रास्ते बनाने की जुगत लगा रहे थे और उन्होंने कोर्ट से गलत नक्शे के आधार पर एक पक्षीय मार्ग बनाने का आदेश जारी करा लिया। जबकि कॉलोनी के नक्शे में उक्त भूमि का रास्ता दूसरी तरफ से है। कॉलोनी की तरफ से कोई रास्ता नहीं है और दीवार तोड़ने के लिए आए भूमाफिया के लोगों ने दीवार तोड़ने के अतिरिक्त विरोध कर रही कॉलोनी की महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार भी किया। कॉलोनीवासियों का कहना है कि पुलिस ने उनके नक्शे और उनकी बातों को पूरी तरह नजरअंदाज किया। यहां तक कि कॉलोनी के लोगों ने पुलिस के माफिया के लोगों से मिले होने का भी आरोप लगाया। इस सन्दर्भ में **'जनमुख'** द्वारा भेलूपुरा थाना प्रभारी से बात किए जाने पर उन्होंने उक्त घटना को सिर्फ कोर्ट के आदेश को तामिल कराए जाने की बात कहीं। यह पूछे जाने पर कि यदि कोर्ट का आदेश था तो भोर में दीवार तोड़ने की प्रक्रिया क्यों अपनायी गयी'। इस पर थानाप्रभारी कोई माकूल जवाब नहीं दे सके। उल्लेखनीय है कि भेलूपुरा थाना पहले भी तरह-तरह के आरोपों और विवादों में रहा है। आज की घटना के बाद से नवोदित नगर एक्सटेंशन कॉलोनी के लोगों में आक्रोश है। वहीं कुछ आक्रोशित लोगों ने कॉलोनी से अपना मकान बेचकर चले जाने की बात भी कहीं और कहाकि वे पुलिस, भूमाफियों और भाजपा नेताओं के गठजोड़ के आगे बेबस हैं।




# नये साल पर पर्यटकों से पट जाएगी काशी!

**● पुलिस ने शहर को सेक्टर और जोन में बांटा**



**वाराणसी।** नए साल के स्वागत और श्रीकाशी विश्वनाथ के दर्शन-पूजन के लिए देशभर के पर्यटकों का काशी आने का क्रम शुरू हो चुका है। ऐसे में सुगम यातायात और भीड़ प्रबंधन को लेकर कमिश्नरेट पुलिस ने शहर को सेक्टर और जोन में बांटा है। नए साल पर ही शहर में पांच लाख से ज्यादा सैलानियों के आने का अनुमान है। वहीं, आगामी नववर्ष के दृष्टिगत भीड़ का आवागमन काशी विश्वनाथ मंदिर क्षेत्र की तरफ ज्यादा है। इस कारण यातायात पुलिस ने डायवर्जन का निर्णय लिया है। अपर पुलिस उपायुक्त यातायात अंशुमान मिश्रा के अनुसार लहुराबीर होते हुए मैदागिन से विशेषरगंज से गोलगड्डा की तरफ वाहनों का आवागमन नहीं होगा। गोदौलिया से मैदागिन और केवीएम की तरफ टू व्हीलर का संचालन भी बंद रहेगा। मैदागिन से गोदौलिया तक नो व्हीकल जोन और नो पेडल रिक्शा जोन का पालन कराया जाएगा। काशी और वरुणा जोन में अतिरिक्त 200 पुलिसकर्मी सिर्फ यातायात व्यवस्था की कमान संभालेंगे। इसमें तीन राजपत्रित अधिकारी भी दशाश्वमेध, गोदौलिया और अस्सी में भीड़ प्रबंधन की निगरानी करेंगे। दशाश्वमेध-गोदौलिया मार्ग पर पुलिसकर्मी डिवाइडर के रूप में रस्सी और लाउड हेलर लेकर भीड़ नियंत्रित करने का प्रयास करेंगे। इस दिशा में कमिश्नरेट पुलिस ने पूरी तैयारियां की हैं। गंगा घाटों की ओर जाने वाले मार्ग नो व्हीकल जोन रहेंगे। अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था, मुख्यालय शिवहरी मीणा ने बताया कि सुरक्षा और कानून व्यवस्था के तहत विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। पर्यटकों की बढ़ती भीड़ और गंगा घाटों पर संभावित हादसों को देख पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने में जुट गई है। शुक्रवार को डीआईजी लॉ एंड ऑर्डर शिवहरि मीना ने रविदास घाट से नमो घाट तक गंगा में भ्रमण कर सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। उन्होंने दो नाविकों को चालान भी किया। साथ ही बिना लाइफ जैकेट के नौकायान कर रहे पर्यटकों और नाविकों को चेतावनी दी।

## महापौर ने पीएम को सौंपा खेल महाकुंभ का आमंत्रण, 1022 खिलाड़ी होंगे शामिल



**वाराणसी।** सिगरा स्टेडियम में चार से 11 जनवरी 2026 तक होने वाली 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के लिए पहला आमंत्रण शुक्रवार को पीएम नरेंद्र मोदी को दिया गया। खेल महाकुंभ के आयोजक वाराणसी के मेयर अशोक कुमार तिवारी और यूपी के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने नई दिल्ली में पीएम मोदी से मुलाकात की और काशी में होने वाले राष्ट्रीय खेल महाकुंभ की जानकारी दी। प्रधानमंत्री ने प्रतियोगिता के उद्घाटन के अवसर पर ऑनलाइन जुड़ने का आश्वासन दिया।

# शहर में दो दिन नहीं आएगा पानी

**● रविवार की सुबह कर लें जल का भंडारण**

**● भदैनी पंप हाउस में होगा एआरवी और फ्लोरमीटर लगाने का काम**



**वाराणसी।** नया साल आने में महज चार दिन बचे हैं। इसके पहले काशी की जनता को दो दिन शुद्ध पेयजल आपूर्ति के लिए जूझना पड़ेगा। जलकल सचिव विश्वनाथ की मानें तो भदैनी पंप हाउस पर कुछ कार्य होना है। इसकी वजह से रविवार शाम और सोमवार को पेयजल की आपूर्ति नहीं होगी। ऐसे में दिक्कतों का सामना आम जनता को करना पड़ सकता है। जलकल सचिव विश्वनाथ ने बताया - भदैनी पंप हाउस में एआरवी और फ्लोरमीटर लगाने का कार्य किया जाना है। इसे लेकर कई राऊंड की बैठक के बाद अधिकारीयों ने 28 और 29 दिसंबर का मेगा ब्लॉक दिया है। इस दौरान शहर में जलापूर्ति नहीं होगी। वहीं वरुणापार इलाके में आपूर्ति की जाएगी। यह आपूर्ति रविवार शाम और सोमवार को बाधित रहेगी। जीएम जलकल अनूप कुमार सिंह ने बताया- पेयजल आपूर्ति बाधित रहने से लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में सभी से अपील है कि वो रविवार सुबह के समय पानी आने पर उसका भण्डारण कर लें। रविवार शाम से सोमवार सुबह तक पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा हमारी कोशिश यही है कि जल्द से जल्द हमारे कर्मी कार्य को समाप्त कर लें ताकि पानी की सप्लाई शुरू की जा सके। भदैनी पंप हाउस वाराणसी के भदैनी घाट पर स्थित एक महत्वपूर्ण जल आपूर्ति केंद्र है। जो गंगा नदी से पानी खींचकर पूरे शहर को पीने का पानी पहुंचाता है।


## पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर




**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की 164वीं जयंती के अवसर पर आयोजित महामना महोत्सव–2025 के अंतर्गत समाजसेवी संस्था सेवाज्ञ संस्थानम्–काशी द्वारा एक स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में कुल 104 यूनिट रक्तदान संपन्न हुआ, जो मानवीय सेवा और सामाजिक सहभागिता का प्रेरक उदाहरण है। सेवाज्ञ संस्थानम के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष आशु ने स्वयं सर्वप्रथम रक्तदान कर शिविर का शुभारंभ किया संयोजक डॉ हरेंद्र कुमार राय ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर प्रो. ज्ञान प्रकाश मिश्र, डॉ. सुनील तिवारी, आशीष आशु, डॉ. श्याम सिंह एवं माधव कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# 52 लाख की साइबर ठगी

**● ऑनलाइन अदालत लगाकर किया भयभीत**




**वाराणसी।** साइबर ठगों ने चौबेपुर के नरपतपुर निवासी प्रशांत सिंह को डिजिटल अरेस्ट करके 52 लाख की ठगी की। इस मामले में साइबर क्राइम थाना में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। प्रशांत ने पुलिस को बताया कि बीते 11 दिसंबर को उसके मोबाइल पर काल आई। काल करने वाले ने बताया कि उनके नाम से मोबाइल सिम मुंबई में लिया गया है। उसका गलत इस्तेमाल हो रहा है। इसके बाद खुद को महिला सब इंस्पेक्टर बताने वाली महिला और आईपीएस विजय कुमार के रूप में एक व्यक्ति ने वीडियो काल के जरिए बात की। बताया कि प्रशांत के नाम का एटीएम कार्ड मनी लांड्रिंग में फंसे नरेश गोयल के घर से मिला है। जिस बैंक खाते का एटीएम है उसमें दो करोड़ रुपये हैं। उसने एक अप्लिकेशन लिखवाया। इसके बाद 12 दिसंबर को आनलाइन कैमरे के सामने अदालत में पेशी कराई गई। दूसरी तरफ, जज और पुलिस मौजूद थी। प्रशांत को गिरफ्तार का डर दिखाकर 14.7 लाख रुपये जमा करने के लिए कहा गया। डरे हुए प्रशांत ने रुपये काल करने वालों के बताए बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया गया। इसके बाद अलग-अलग तिथियों में 29.74 लाख, 7.5 लाख रुपये जमा करा लिए गए। उनके रुपये की जांच करके वापस करने का भरोसा दिया था लेकिन रुपये वापस नहीं आए पर प्रशांत को साइबर ठगी का एहसास हुआ।

## बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न के खिलाफ संतों ने भरी हुंकार

**वाराणसी।** बांग्लादेश में हिंदू उत्पीड़न के खिलाफ काशी के संतों ने शुक्रवार को हुंकार भरी और दीपू दास की हत्या पर कड़ा विरोध जताया। इस दौरान बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हो रहे निरंतर अत्याचारों और युवा दीपू दास की नृशंस हत्या के विरोध में आज काशी का संत समाज एकजुट होकर सड़कों पर उतरा। काशी संत समाज के बैनर तले आयोजित इस विशाल पदयात्रा और विरोध सभा के माध्यम से संतों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने की पुरजोर मांग उठाई।

## पंकज के बहुमुखी प्रदर्शन से गर्दे एकादश ने लालजी एकादश को किया परास्त

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** मैन आफ द मैच पंकज चौबे के हरफनमौला प्रदर्शन (14 रन देकर एक विकेट एवं 36 रन) की मदद से गर्दे एकादश ने लालजी एकादश को चार विकेट से हराकर 38वीं कनिष्कदेव गोरावाला स्मृति मीडिया क्रिकेट प्रतियोगिता में शानदार जीत दर्ज की। सुबह टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए लालजी एकादश ने 20 ओवरों में 6 विकेट पर 114 रन बनाए। चंद्रप्रकाश ने नाबाद 30 रन बनाए। जवाब में खेलने गर्दे एकादश ने 16.5 ओवरों में 6 विकेट खोकर जी के लिए जरूरी 115 रन बना लिए पंकज चौबे ने 46 गेंद पर चार चौके की मदद से 36 रन बनाए वरुण ने दो चौकों की मदद से 14 रन बनाए। अभिषेक मिश्रा 12 रन बनाकर नाबाद लौटे। अतिरिक्त का 38 रनों का योगदान रहा।

**जनमुख परामर्श मंडल**

**एस. कुमार**
राष्ट्रीय अध्यक्ष
सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया

**संतोष अग्रवाल** हरे कृष्ण ज्वैलर्स
सभापति, श्री काशी अग्रवाल समाज

**श्रीनारायण खेमका**
अध्यक्ष : अखिल भारतीय मारवाड़ी सम्मेलन

**वी.के.जैन**
अध्यक्ष
जैन मिलन, वाराणसी

**डा. एस.के.पाठक**
वरिष्ठ चिकित्सक

**डा. नीलम ओहरी**
स्त्री रोग विशेषज्ञ

प्रधान सम्पादक
**ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा'**

समाचार सम्पादक
**सरोज सिन्हा**

स्वात्वाधिकारी व स्वामी ब्रजेश कुमार राय 'शर्मा' द्वारा 'गिरीश प्रिंटिंग प्रेस से मुद्रित एवं कार्यालय बी 3/1 काशीराज अपार्टमेंट नदेसर 221002 वाराणसी से प्रकाशित एवं प्रसारित।

रजि.33134/78.
फोन : 0542-2500324
9336929544

## आठ खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप के लिए दिल्ली रवाना

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिले के आठ प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का चयन ओपन इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप के लिए हुआ है। यह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 28 दिसंबर 2025 को दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। चयनित खिलाड़ी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए दिल्ली रवाना हो गए हैं। यूएसकेएआई कराटे अकादमी की ओर से सिहान विकास सोनकर को उत्तर प्रदेश टीम का कोच तथा सेंसई विशेष पांडे को टीम मैनेजर नियुक्त किया गया है। प्रतियोगिता में वाराणसी से आराध्या सिंह, शिवांश सिंह, गौरव गौतम, गरिमा मिश्रा, पवन, आरुषि यादव, साहस और आयुष पटेल उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।टीम के दिल्ली रवाना होने से पूर्व इंडिया चेयरमैन शरद कुमार वर्मा सहित सी.एल. यादव, मोनिका कुमारी गौतम, विशाल पटेल, तरुण मिश्रा, आदित्य पटेल, विशाल सोनकर, शुभम गुप्ता एवं यूएसकेएआई के सभी पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को आशीर्वाद देते हुए उनके बेहतर प्रदर्शन और सफलता की कामना की।

# राजकीय एवं स्वयंसेवी संस्थाओं ने धूमधाम से मनाया वीर बाल दिवस





**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रखर कुमार सिंह के निर्देशन तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा के नेतृत्व में शुक्रवार को सभी राजकीय एवं स्वयंसेवी संस्थाओं में वीर बाल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित बच्चों के साथ आयोजित कार्यक्रम का लाइव टेलीकास्ट दिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान राजकीय बाल गृह बालक रामनगर, राजकीय बालिका गृह राजकीय पश्चातवर्ती देख रेख संगठन रामनगर के बच्चों का एक साथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा खेल, देशभक्ति, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। जिनमें नाटक, गीत एवं कविताओं के माध्यम से साहिबजादों के जीवन, संघर्ष और बलिदान को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में बेहतर प्रदर्शन के लिए राधा किशोरी बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा कुमारी मनीषा को सम्मानित किया गया। मनीषा द्वारा राजकीय बालगृह बालिका की बालिकाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया गया।

### प्रभातफेरी और शबद कीर्तन का आयोजन

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** सिक्खों के दसवें गुरु, गुरु गोविंद सिंह के दो पुत्र जोरावर सिंह एवं फतेह सिंह की शहादत को पूरे देश में हर वर्ष वीर बाल दिवस के रूप में मनाने की घोषणा प्रधानमंत्री ने की। इसी क्रम में गुरुवार को बीजेपी जिला एवं महानगर वाराणसी ने संयुक्त रूप से वीर बाल दिवस मनाया। इस अवसर पर सुबह 6.30 बजे मैदागिन चौराहे से लेकर नीचीबाग गुरुद्वारे तक, महानगर अध्यक्ष प्रदीप अग्रहरि के नेतृत्व में प्रभात फेरी निकाली गई। गुरुद्वारा पहुंच कर दोनों वीर बालक के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ श्रद्धांजलि अर्पित किया। अंत में सभी ने गुरुद्वारे में शबद कीर्तन में भाग लिया।

### विद्यार्थियों ने निकाली जागरूकता रैली

**वाराणसी (जनमुख डेस्क)।** 26 दिसम्बर 2025 को भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के निर्देशानुसार वीर बाल दिवस के रूप में मनाया गया। उक्त अवसर पर राजीव गांधी दक्षिण परिसर (RGSC) एवं पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान संकाय द्वारा संयुक्त रूप से परिसर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों की वीरता, दृढ़ संकल्प एवं बलिदान को स्मरण करना तथा आज के बच्चों एवं युवाओं में जागरूकता उत्पन्न करना था। इस कार्यक्रम में 20 विद्यार्थियों ने भाग लिया। अंत में परिसर के विद्यार्थियों द्वारा एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

## सुल्तानपुर समाचार

### ईंट से कूंचकर की गई थी ट्रक चालक की हत्या

**अखंडनगर।** अयोध्या-जौनपुर रेल ट्रैक पर हरपुर गढ़वा के पास गत पांच मार्च को रेलवे लाइन के किनारे ट्रक चालक सत्यप्रकाश पाल (22) निवासी कंधई, पवई, जिला आजमगढ़ की हत्या कर शव फेंक दिया गया था। पुलिस ने नौ माह बाद खुलासा किया। पुलिस ने झारखंड के दो आरोपियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए बताया कि सत्य प्रकाश पाल ट्रक चलाता था। उसके गांव में एक ईंट भट्ठे पर झारखंड के कुगांव, घाघरा, बिमरला, गुमला निवासी सुजीत उरांव व हुसिर घाघरा, बिमरला, गुमरला निवासी संजय कच्छप काम करते थे। सुजीत व सत्य प्रकाश की दोस्ती था। उसका सुजीत के घर पर आना-जाना था। इसी बीच सत्य प्रकाश का सुजीत की पत्नी से प्रेम प्रसंग हो गया। एक दिन सुजीत ने सत्य प्रकाश को आपत्तिजनक स्थिति में देख लिया था। सुजीत ने सत्य प्रकाश की हत्या का इरादा बना लिया। पांच मार्च को सुजीत ने ईंट से सत्य प्रकाश के सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। बताया कि साक्ष्य मिटाने के लिए आरोपी ने संजय कच्छप व विवेक तिवारी निवासी छच्छूपट्ठी, पवई, आजमगढ़ के साथ मिलकर सत्यप्रकाश के शव को रात में अखंडनगर के हरपुर गढ़वा के पास रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया था। मृतक के पिता चंद्र देव की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने सर्विलांस की मदद से वारदात का खुलासा कर दिया। अखंडनगर थानाध्यक्ष संत कुमार सिंह ने तीनों आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया।

## भदोही समाचार

### भीखीपुर के युवक की हिमाचल प्रदेश में मौत

**वहिदानगर।** कोइरौना थानाक्षेत्र के भीखीपुर निवासी महेंद्र कुमार यादव (45) की 24 दिसंबर को हिमाचल प्रदेश में करेंट लगने से मौत हो गई। शुक्रवार को शव पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। महेंद्र हिमाचल प्रदेश की एक नट-बोल्ट बनाने वाली कंपनी में ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे। परिजनों के मुताबिक 24 दिसंबर को ड्यूटी के दौरान मशीन पर काम करते समय अचानक करेंट की चपेट में आ गए। इससे उनकी मौत हो गई। आवश्यक कानूनी प्रक्रिया और पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को एंबुलेंस से शव गांव लाया गया। मृतक की पत्नी सुनीता देवी (40) का रो-रोकर बुरा हाल है। सदमे के कारण वह बार-बार बेहोश हो जा रही थी। वहीं, मृतक के दोनों पुत्र अनिल (23) और धीरज (20) हादसे से टूट चुके हैं।

## सोनभद्र समाचार

### शीतलहर, घना कोहरा व कड़ाके की ठंड से बचाव हेतु जनपद में कंबल वितरण अभियान जारी



**सोनभद्र।** जिलाधिकारी श्री बी0एन0 सिंह के निर्देशन में शीतलहर, घना कोहरा एवं कड़ाके की ठंड से आमजन को सुरक्षित रखने के उद्देश्य से माननीय मुख्यमंत्री जी के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसील क्षेत्रों में प्रशासन द्वारा निरंतर कंबल वितरण अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गरीबों, वंचितों एवं बेसहारा व्यक्तियों को ठंड से राहत प्रदान करना है। इसी क्रम में सुशासन दिवस के अवसर पर तहसील क्षेत्रों में सम्बन्धित उप जिलाधिकारी, तहसीलदार के देख-रेख में जरूरतमंदों, गरीबों, वंचितों एवं असहाय नागरिकों को कंबल वितरित किया जा रहा है। कंबल पाकर लाभार्थियों के चेहरों पर राहत व संतोष का भाव देखने को मिला। प्रशासन द्वारा जनपद के नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर निगरानी रखते हुए रैन बसेरों की व्यवस्था, अलाव जलाने तथा कंबल वितरण का कार्य पर किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वास्तविक जरूरतमंदों को प्राथमिकता के आधार पर लाभान्वित किया जाए तथा ठंड से बचाव की सभी व्यवस्थाएं प्रभावी रूप से क्रियान्वित हों।

## मऊ समाचार

### ट्रेलर की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**कोपागंज ( मऊ )।** थाना क्षेत्र के टड़ियांव गांव के पास फोरलेन पर बृहस्पतिवार की रात 10 बजे ट्रेलर की टक्कर से स्कूटी सवार बलिया निवासी सुधाकर पांडेय (45) की मौत हो गई। भाई प्रभाकर पांडेय की तहरीर पर पुलिस ने शुक्रवार को अज्ञात चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। प्राथमिकी के अनुसार, बलिया जनपद के रसड़ा थाना क्षेत्र के नसरतपुर निवासी सुधाकर पांडेय घोसी कोतवाली के नदवासराय अपने दोस्त के घर गए थे। वहां से अकेले स्कूटी से घर जाने के लिए निकले थे। गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन पर टड़ियांव के पास पहुंचे थे, तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने टक्कर मार दी और भाग गया। दुर्घटना में सुधाकर लहूलुहान हो गए। तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग वहां पहुंचे।

## जौनपुर समाचार

### सिपाही के पिता सीएसपी संचालक की सिर पर प्रहार करके ले ली जान



**खुटहन।** थाना क्षेत्र के पनौली गांव में शुक्रवार को यूबीआई के ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक गोरखपुर में तैनात पुलिसकर्मी के पिता फूलचंद पासवान उर्फ सेवाराम (58) के सिर पर वार कर बदमाशों ने हत्या कर दी। वारदात के बाद केंद्र का शटर बंद कर कोहरे का लाभ उठाते हुए भाग निकले। रुपये निकालने के लिए महिलाएं जब पहुंची तो घटना का पता चला। अपराधियों की धर पकड़ के लिए पुलिस की पांच टीमें गठित की गई हैं। मृतक की जेब से 1.68 लाख रुपये और घटनास्थल से 500 मीटर दूर परिषदीय विद्यालय के पास मोबाइल बरामद हुआ। फूलचंद का बड़ा बेटा विवेक आरक्षी है, इस समय गोरखपुर में तैनात है। दूसरा बेटा पढ़ाई कर रहा था। फूलचंद्र घर से लगभग 600 मीटर दूर गांव में ही सड़क किनारे कमरे में ग्राहक सेवा केंद्र चलाते थे। रोज की तरह सुबह दस बजे ग्राहक सेवा केंद्र पहुंचे। उस समय कोहरा था। 11 बजे कुछ महिलाएं शाखा पर रुपये निकालने पहुंची तो शटर बंद पाया। भीतर किसी के कराहने की आवाज सुनाई देने पर महिलाओं ने सूचना मेवाराम को फोन पर दी। वह भागते हुए पहुंचे। शटर खोल भीतर देखें तो फूलचंद्र फर्श पर पड़े कराह रहे थे।

## बलिया समाचार

### एसएलओ कार्यालय के कर्मचारियों का वेतन रोकने का आदेश

**बलिया।** ग्रीनफील्ड परियोजना और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 727बी (नवलपुर–सिकंदरपुर) के संबंध में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में यह बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें ग्रीनफील्ड एनएच-31 के 19 बिंदुओं पर चल रहे कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने न्यूटेशन कार्य में लापरवाही पाए जाने पर एसएलओ कार्यालय के सभी कर्मचारियों का वेतन रोकने का निर्देश दिया। उन्होंने जिले में सड़क निर्माण से जुड़ी भूमि अधिग्रहण की स्थिति की जानकारी ली। बैनामा के बाद न्यूटेशन होने के बावजूद भुगतान लंबित रहने पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों से जवाब मांगा। दयाछपरा क्षेत्र में कार्य में लापरवाही सामने आने पर जिलाधिकारी ने ग्रीनफील्ड परियोजना के प्रोजेक्ट मैनेजर को कड़ी चेतावनी दी।

## आजमगढ़ समाचार

### सड़क हादसे में शिक्षक की मौतःतेज रफ्तार कार ने मारी बाइक में टक्कर



**आजमगढ़।** जिले के जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में एक शिक्षक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ, जब तेज रफ्तार कार ने विद्यालय जा रहे शिक्षक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों की मदद से घायल शिक्षक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की बेटी को जब घटना की सूचना मिली तो वह अपनी परीक्षा छोड़े बिना ही घर लौट आई। मृतक शिक्षक की पहचान सगड़ी तहसील के जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत छतरपुर खुशहाल गांव निवासी दूधनाथ यादव (59) पुत्र रामधारी यादव के रूप में हुई है। वह साइकिल से अपने विद्यालय जा रहे थे। जैसे ही वह शहीद पार्क नाथूपुर स्थित अंजान शहीद के पास पहुंचे, तभी तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दूधनाथ यादव गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।पुलिस का कहना है कि पीड़ित परिवार की ओर से तहरीर मिलने के बाद मामले में मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### डीएम ने गोशाला का किया निरीक्षण

**आजमगढ़।** मेंहनगर कस्बे की एक अस्थायी गोशाला में गोवंशों को ठंड से बचाने के लिए पर्याप्त इंतजाम न मिलने पर जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने कड़ा रुख अपनाया है। औचक निरीक्षण के दौरान गंभीर लापरवाही सामने आने पर उन्होंने जिम्मेदारों पर कार्रवाई के निर्देश दिए। जानकारी के अनुसार, जिलाधिकारी रविंद्र कुमार ने शुक्रवार को मेंहनगर कस्बे में स्थित अस्थायी गोशाला का औचक निरीक्षण किया।

## चंदौली समाचार

### पिटाई से घायल व्यक्ति की 23 दिन बाद मौत

**पीडीडीयू नगर।** मुगलसराय कोतवाली अंतर्गत चतुर्भुजपुर ओड़वार के समीप 3 दिसंबर को बच्चों के विवाद में बीच बचाव करने के दौरान हुई पिटाई से जख्मी व्यक्ति की 23 दिन बाद शुक्रवार की सुबह इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है। ओड़वार निवासी चंद्र प्रताप सिंह उर्फ मंटू और मनमोहन की घर के समीप ही दुकान है। इनके बड़े भाई भानू प्रताप सिंह और शशि प्रताप सिंह बाहर रहते हैं। तीन दिसंबर की दोपहर में दुकान के सामने एक निजी स्कूल के छात्र आपस में मारपीट करने लगे। फिर छात्र वहां से चले गए। कुछ देर बाद नौवीं और 11वीं में पढ़ने वाले छात्र और दिनेश प्रताप सिंह हॉकी लेकर पहुंचे और मनमोहन और भानू पर हमला बोल दिया। यही नहीं ईट पत्थर चलाए।

## गोरखपुर समाचार

### बड़ी बहन का शव सामने देख छोटी को आया हार्ट अटैक, दिल के दौरे ने ले ली जान





**गोरखपुर।** चौरीचौरा थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत शत्रुघ्नपुर में शुक्रवार को एक बेहद मार्मिक घटना सामने आई। बड़ी बहन की मौत की खबर सुनकर अंतिम दर्शन के लिए पहुंची छोटी चचेरी बहन को शव के सामने ही हार्ट अटैक आ गया, जिससे उनकी भी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, शत्रुघ्नपुर के कोईरी टोला निवासी द्रौपदी (70) लंबे समय से बीमार थीं। बृहस्पतिवार देर रात उनका निधन हो गया। शुक्रवार को परिजन उनके अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान उनकी छोटी चचेरी बहन सुगंधी (60), पत्नी राजेंद्र पाल, निवासी विनायका गांव, गौरी बाजार, देवरिया, बहन के अंतिम दर्शन के लिए पहुंचीं। बताया जा रहा है कि शव के पास पहुंचते ही वह अत्यधिक भावुक हो गईं और रोते-रोते उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। उनका ब्लड प्रेशर बढ़ गया, जिसके बाद परिजन उन्हें आनन-फानन में फुलवरिया चौराहे स्थित एक निजी चिकित्सक के पास ले गए। वहां से चिकित्सक ने उन्हें गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। गोरखपुर ले जाते समय रास्ते में ही सुगंधी की मौत हो गई। द्रौपदी के बड़े बेटे संतोष पाल ने बताया कि मौसी और मां के बीच गहरा प्रेम था।

## देवरिया समाचार

### संदिग्ध हालात में युवक की मौत

**भाटपाररानी।** थाना क्षेत्र के ग्राम लाखोपार निवासी जितेंद्र गौंड की बृहस्पतिवार की देर रात करीब 11 बजे संदिग्ध हालात में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, ग्राम लाखोपार निवासी जितेंद्र गौंड उर्फ देवा 27 पुत्र स्वर्गीय तूफानी गौंड बृहस्पतिवार की रात भोजन कर सो सोया था। अचानक रात में 11 बजे उसकी तबीयत खराब हो गई और वह बेचैन हो गया। परिजन तत्काल उसे भाटपाररानी पीएचसी लाए, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज देवरिया रेफर कर दिया गया। रास्ते में सलेमपुर के आसपास उसकी मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रात में ही शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मेडिकल कॉलेज देवरिया भेज दिया।

## मीरजापुर समाचार

### मण्डलायुक्त ने मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल राजेश प्रक. ाश अध्यक्षता में मण्डलीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गई। बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा सभी व्यवसायिक वाहनों में अभियान चलाते हुए रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप लगवाये जाने के निर्देश दिये गये तथा उनके द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि संभाग के जनपदों में बिना नम्बर प्लेट के डम्पर और ट्रक संचालित हो रहे है। विशेष रूप से सोनभद्र में इनकी संख्या ज्यादा है जिनके विरुद्ध परिवहन व पुलिस विभाग विशेष अभियान चलायें। दुर्घटना में घायल व्यक्ति को अस्पताल में पहुंचाने वाले व्यक्ति को राहवीर योजना के अन्तर्गत 25000/– रूपये का पुरस्कार भारत सरकार द्वारा दिया जा रहा है। दुर्घटना होने की स्थिति में पुलिस को जानकारी होती है कि किसके द्वारा घायल को अस्पताल पहुँचाया गया है पैसे व्यक्तियों को चिन्हाकिंत कर पुलिस विभाग उन्हे पुरस्कृत करायें जिससे लोगो में घायलों की मदद करने के लिए प्रेरणा प्राप्त होगी। मुख्यलाय से प्राप्त आंकडो के अनुसार नवम्बर 2024 की तुलना में नवम्बर 2025 में जनपद सोनभद्र व जनपद भदोही में सड़क दुर्घटनाए और उनमें मरने वाले व्यक्तियों की संख्या में वृद्धि हुयी है अतः जिलाधिकारी सोनभद्र व भदोही दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए विशेष प्रयास करें। जिलाधिकारी, सोनभद्र के द्वारा बताया गया कि उपशा के अधिकारी बैठक में उपस्थित नहीं होते है जिससे उनकी सड़को पर कराये जाने वाले कार्यों पर चर्चा नहीं हो पाती है इस पर मण्डलायुक्त के द्वारा उपशा के अधिकारी को अगल से बुलाए जाने के निर्देश दिए गये। जिलाधिकारी मीरजापुर के द्वारा सी0एस0सी0/पी0एस0 सी0 एवं जिला अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ के तैनात न होने के संबन्ध में अवगत कराते हुए अनुरोध किया गया कि दुर्घटना में प्रायः हड्डिया टूट जाती है और हड्डी रोग विशेषज्ञ न होने के कारण घायल को वाराणसी रेफर करना पड़ता है, इस पर आयुक्त महोदय द्वारा उनकी तरफ से शासन को पत्र प्रेशित किये जाने के निर्देश दिए गये।

## गाजीपुर समाचार

### छह दिन बाद एफआईआर, कोतवाल लाइन हाजिर, एक इंस्पेक्टर और दो एसआई निलंबित



**गाजीपुर।** जिले के गहमर गांव के खेलूराय पट्टी में विक्की सिंह व सौरभ सिंह की धारदार हथियार से हत्या और अंकित सिंह के लापता होने के मामले में पुलिस की लापरवाही सामने आई है। डीआईजी वैभव कृष्ण के निर्देश पर एसपी डॉ. ईरज राजा ने बृहस्पतिवार की रात गहमर कोतवाल दीनदयाल पांडेय को लाइन हाजिर कर दिया। उपनिरीक्षक राजीव पांडेय और पन्नालाल यादव को निलंबित कर दिया है। इसके अलावा, तत्कालीन कोतवाल और वर्तमान में सैदपुर के थाना प्रभारी शैलेश मिश्रा को निलंबित किया गया है। मोहम्मदाबाद के कोतवाल प्रमोद कुमार को गहमर कोतवाली का प्रभार सौंपा गया है। 26 सितंबर को गहमर के बुढ़वा महादेव मंदिर के पास दो गुटों के बीच झगड़ा, पथराव और कई राउंड हवाई फायरिंग की घटना हुई थी। इस मामले में 27 सितंबर को उपनिरीक्षक राजीव पांडेय ने दोनों गुटों के 11 आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसमें एक पक्ष के भैरवराय पट्टी के बब्बन सिंह उर्फ सौरभ, अभिनंदन सिंह, खेमनराय पट्टी के विक्की सिंह, विकास सिंह, चंदन सिंह, अभिषेक सिंह और दूसरे पक्ष के खेलूराय पट्टी निवासी अमित सिंह, अमन सिंह, शैलेश सिंह, अरविंद सिंह और विनय यादव थे।

## प्रयागराज समाचार

### 19 ट्रेनों के समय में होने जा रहा बदलाव, एक जनवरी से लागू होगी नई समय सारिणी




**प्रयागराज।** यात्रीगण कृपया ध्यान दे... एक जनवरी से संगम, कालिंदी, प्रयागराज-डॉ. अंबेडकरनगर, प्रयागराज-लालगढ़ एक्सप्रेस समेत 19 ट्रेनों के समय में बदलाव होने जा रहा है। प्रयागराज मंडल के तमाम स्टेशनों पर आने वालीं 19 ट्रेनों के समय में पांच मिनट से एक घंटे तक का बदलाव एक जनवरी से लागू हो जाएगा। भारतीय रेलवे की नई समय सारिणी एक जनवरी 2026 से प्रभावी होने जा रही है। नई समय सारिणी में उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज, झांसी और आगरा मंडल में संचालित 54 ट्रेनों के समय में परिवर्तन होने जा रहा है। नई समय सारिणी के अनुसार 14164 मेरठ सिटी-सूबेदारगंज संगम एक्सप्रेस का आगमन सुबह 8:30 की जगह 8:25 बजे होगा। इसी तरह भिवानी जंक्शन से प्रयागराज जंक्शन आने वाली 14118 कालिंदी एक्सप्रेस का पांच मिनट पहले 12:50 बजे आगमन होगा। गाड़ी संख्या 12403 प्रयागराज-लालगढ़ एक्सप्रेस की रवानगी रात 11:10 की जगह 11:05 बजे होगी। 14116 प्रयागराज-डॉ. अंबेडकरनगर एक्सप्रेस भी अब दोपहर 3:20 की जगह 3:10 बजे रवाना होगी। 13310 प्रयागराज-चोपन एक्सप्रेस की रवानगी दोपहर तीन बजे की जगह 2:50 बजे होगी। इसके अलावा कानपुर, अलीगढ़, हाथरस किला, मानिकपुर रेलवे स्टेशन पर भी कई ट्रेनों के आगमन-प्रस्थान के समय में एक जनवरी से बदलाव होने जा रहा है। वहीं, 14117/14118 प्रयागराज-भिवानी कालिंदी एक्सप्रेस समेत एनसीआर जोन की नौ जोड़ी ट्रेनों में आईसीएफ की जगह एलएचबी रेक लगाए जाएंगे। नई समय सारणी में एनसीआर जोन में 20 जोड़ी नई ट्रेनें, 11 जोड़ी ट्रेनों के विस्तार, एक जोड़ी ट्रेन की आवृत्ति में वृद्धि, 30 ट्रेनों के नंबरों में बदलाव, पांच ट्रेनों के संचालन दिन में संशोधन, पांच ट्रेनों के ठहराव समय में वृद्धि, 24 ट्रेनों का प्रयोगात्मक ठहराव, 54 ट्रेनों के समय में परिवर्तन, सात ट्रेनों की गति में वृद्धि दिखाई गई है।

## लाइफ मंत्र

### 1 जनवरी को बदल जाएगा उज्जैन का नक्शा, जानें बाबा के दरबार में एंट्री का नया स्मार्ट रूट



नए साल की शुरुआत बाबा महाकाल के आशीर्वाद के साथ करने के लिए हर साल लाखों श्रद्धालु अवंतिका नगरी पहुंचते हैं। साल 2026 के स्वागत के लिए उज्जैन में सुरक्षा और सुगमता के कड़े इंतजाम किए गए हैं। यदि आप भी 1 जनवरी को महाकाल मंदिर जा रहे हैं, तो घर से निकलने से पहले नई दर्शन व्यवस्था को ध्यान से समझ लें।

**किस गेट से मिलेगा प्रवेश?**

भीड़ को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन ने अलग-अलग श्रेणियों के लिए द्वार निर्धारित किए हैं।

**सामान्य दर्शनार्थी**

आम श्रद्धालुओं के लिए प्रवेश मानसरोवर गेट से सुनिश्चित किया गया है। यहां से भक्त लंबी कतारों के माध्यम से टनल होते हुए कार्तिकेय और गणेश मंडपम तक पहुंचेंगे।

**VIP और विशेष पास धारक**

वीआईपी और प्रोटोकॉल दर्शन के लिए गेट नंबर 4 और 5 का उपयोग किया जा सकता है, हालांकि अत्यधिक भीड़ होने पर इसमें बदलाव की संभावना है।

**शीघ्र दर्शन (250 रुपये की रसीद)**

सशुल्क दर्शन की रसीद लेने वाले भक्तों के लिए अलग से बैरिकेडिंग की गई है ताकि वे कम समय में दर्शन कर सकें।

**पार्किंग की नई व्यवस्था**

शहर के भीतर ट्रैफिक जाम न हो, इसके लिए बाहरी इलाकों में अस्थायी पार्किंग बनाई गई है।

**इंदौर-देवास रोड से आने वाले वाहन**

इनके लिए मन्नत गार्डन और कर्कराज मंदिर के पास बड़ी पार्किंग व्यवस्था की गई है।

**बड़नगर-रतलाम मार्ग**

इस तरफ से आने वाले वाहनों को भील धर्मशाला या मुल्लापुरा के पास पार्क करना होगा।

**शटल बस सेवा**

पार्किंग स्थल से मंदिर के प्रवेश द्वार तक जाने के लिए नगर निगम की विशेष बसें और ई-रिक्शा उपलब्ध रहेंगे।

**इन बातों का रखें विशेष ध्यान**

नए साल पर भस्म आरती की अनुमति पहले ही फुल हो चुकी है। बिना अनुमति के भस्म आरती में प्रवेश संभव नहीं होगा। भीड़ अधिक होने पर प्रशासन 'चलित दर्शन' की व्यवस्था लागू करेगा, जहाँ भक्तों को रुकने के बजाय निरंतर चलते हुए भगवान के दर्शन करने होंगे। मंदिर के भीतर मोबाइल, बैग और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण ले जाना पूरी तरह वर्जित रहेगा। क्लॉक रूम की सुविधा मानसरोवर द्वार के पास उपलब्ध है।

# 'धुरंधर' की सफलता के बाद अक्षय खन्ना ने छोड़ी 'दृश्यम 3'? अजय देवगन की फिल्म को लेकर बड़ा अपडेट



बॉलीवुड एक्टर अक्षय खन्ना आजकल अपनी हालिया फिल्म धुरंधर की सफलता का आनंद ले रहे हैं। कराची के गैंगस्टर रहमान डकैत के रूप में उनके किरदार ने सबका ध्यान खींचा और ऑनलाइन खूब चर्चा हुई। बॉलीवुड एक्टर अक्षय खन्ना आजकल अपनी हालिया फिल्म धुरंधर की सफलता का आनंद ले रहे हैं। कराची के गैंगस्टर रहमान डकैत के रूप में उनके किरदार ने सबका ध्यान खींचा और ऑनलाइन खूब चर्चा हुई। हालांकि, अब खबर आई है कि उन्होंने अजय देवगन की दृश्यम 3 से दूरी बना ली है। (पहले ट्विटर) पेज बॉलीवुड मशीन की एक रिपोर्ट के अनुसार, अक्षय खन्ना ने मेकर्स के साथ पैसों और क्रिएटिव मतभेदों के कारण इस प्रोजेक्ट से बाहर होने का फैसला किया है। ज़्यादा जानकारी के लिए आगे पढ़ें।

**अक्षय खन्ना ने दृश्यम 3 से दूरी बनाई: रिपोर्ट**

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अक्षय खन्ना ने दृश्यम 3 से किनारा कर लिया है। फीस को लेकर असहमति के अलावा, रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि अक्षय खन्ना ने दृश्यम 3 में अपने ऑन-स्क्रीन लुक में बड़े बदलाव करने का भी अनुरोध किया था। बताया जा रहा है कि मेकर्स के साथ इन क्रिएटिव मतभेदों ने ही उन्हें इस प्रोजेक्ट से हटने का फैसला लेने में भूमिका निभाई। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि, न तो अक्षय और न ही फिल्म की टीम ने अब तक उनके बाहर होने के बारे में कोई आधिकारिक बयान दिया है। जिन्हें नहीं पता, अक्षय ने हिट क्राइम मिस्ट्री थ्रिलर, दृश्यम 2 में IGP तरुण अहलावत का किरदार निभाया था।

**धुरंधर में अक्षय खन्ना का रोल**

अक्षय खन्ना ने आदित्य धर की धुरंधर में रहमान डकैत का किरदार निभाया था, और फिल्म में उनके परफॉर्मेंस की फैंस ने खूब तारीफ की है। यह स्पाई थ्रिलर शानदार कमाई के साथ बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है। फिल्म 600 करोड़ रुपये के आंकड़े की ओर बढ़ रही है, जिसने अब तक भारत में 589.50 करोड़ रुपये और दुनिया भर में 876.5 करोड़ रुपये कमाए हैं।

**दृश्यम 3 के बारे में**

हिट क्राइम मिस्ट्री फ्रेंचाइजी, दृश्यम के मेकर्स ने हाल ही में फिल्म का प्रोमो और रिलीज़ डेट की घोषणा की है। प्रोमो में अजय देवगन द्वारा निभाए गए परेशान विजय सालगांवकर की झलकियाँ हैं, जो फिल्में देखकर मिले ज्ञान से अपने परिवार को बचाने की कोशिश कर रहा है।

# 'भाईजान' का जलवा बरकरार! 60 के हुए सलमान खान: Bigg Boss से Dus Ka Dum तक, टीवी पर कैसे छा गए दबंग एक्टर



**सलमान खान ने 60 साल की उम्र में टेलीविजन पर अपनी अनूठी छाप छोड़ी है, 'दस का दम' से लेकर 'बिग बॉस' तक, जहाँ वे सिर्फ होस्ट नहीं बल्कि दर्शकों के अपने बन गए। उन्होंने अपनी कमजोरियों को स्वीकार कर और निजी अनुभव साझा कर फैंस से जुड़ाव बनाया, यही वजह है कि वे टेलीविजन पर सबसे भरोसेमंद चेहरा बने हुए हैं।**

बॉलीवुड इंडस्ट्री के दबंग सलमान खान आज यानी 27 दिसंबर 2025, को अपना 60वां बर्थडे मना रहे हैं। एक्टर को दर्शकों द्वारा ढेर सारा प्यार मिला है। सलमान ने पर्दे पर अपनी एक अलग और बेहतरीन छवि बनाई है। एक्टर अपने अभिनय से लंबे समय से जनता के दिलों में राज कर रहे हैं। गौरतलब है कि सलमान खान ने टेलीविजन पर भी अपनी एक अलग छाप छोड़ी है, जो सिनेमा अकेले कभी हासिल नहीं कर पाया। सलमान बड़े पर्दे पर, हमेशा जिंदगी से बड़े रहे हैं -उदास आशिक, गुस्सा वाला पुलिसवाला, अजेय हीरो। लेकिन टीवी पर सलमान हमारे अपने बन गए, जाने-पहचाने, आसानी से मिलने वाले और लगभग उस बड़े भाई जैसे जिसकी बात सब सुनते हैं, भले ही एक्टर यह मानना न चाहें और। आज इनके 60वें जन्मदिन पर, हम आपको इस लेख में टी-वी करियर के बारे में बताएंगे, जिसने उन्हें उनके फैंस के करीब लाया और उन्हें देश का सबसे पसंदीदा बना दिया।

**'दस का दम' के साथ टीवी पर पहली बार आए सलमान**

जब सलमान पहली बार 2008 में 'दस का दम' के साथ भारतीय घरों में अलग पहचान बनकर आए, उस दौरान एक्टर खुद को बदलने की कोशिश नहीं कर रहे थे। सलमान ने खुद माना कि वह डरे हुए थे। टेलीविजन में उस मिथक के पीछे के असली इंसान को सामने लाने की ताकत थी और सलमान यह जानते थे। सालों बाद सलमान ने खुलकर माना कि किसी किरदार के सुरक्षा कवच के बिना जज किए जाने का विचार उन्हें नर्वस कर देता था। दबंग स्टार के पिता सलीम खान ने उन्हें एक सीधी और बेबाक सलाह दी- 'अगर लोग तुम्हें स्वीकार करते हैं, तो अच्छा है। अगर वे नहीं करते, तो कम से कम तुम्हें पता चल जाएगा'। किसी ने यह अंदाजा नहीं लगाया था कि भारत उस कमजोरी पर इतनी गर्मजोशी से प्रतिक्रिया देगा।

**एक्टर ने खुद बताई टीवी के स्टारडम की कहानी**

इस बात में कोई दोहराए नहीं है कि जो प्यार टीवी पर सलमान खान को मिला है, वो प्यार किसी और एक्टर को नहीं मिला है। सलमान ने एक बार एक प्यारी सी कहानी शेयर की थी जो बताती है कि टीवी ने उनकी स्टारडम में क्या बदलाव लाया। टीवी पर उनका शो लॉन्च होने के कुछ महीने बाद, पनवेल में वांटेड की शूटिंग के दौरान, सलमान अपनी रोजाना की सुबह की दौड़ के लिए बाहर गए।

एक्टर ने बताया कि, 'वह फार्महाउस तब से है जब मैंने प्यार किया रिलीज हुई थी, लेकिन अचानक एक बूढ़ी औरत मेरे पास आई और बोली, 'दस का दम हो ना?' और उस आठ किलोमीटर की दौड़ के दौरान, पूरा शहर 'दस का दम' कहते हुए तस्वीरें खींच रहा था। उस दिन मुझे सच में बहुत अच्छा लगा और मुझे यह भी एहसास हुआ कि लोग मेरे किरदार प्रेम, राजा, अर्जुन, समीर को भूल गए हैं और अब मुझे मेरे असली नाम से जानते हैं,' बता दें कि, यह बात 2018 में दस का दम 2 के लॉन्च पर यह बात शेयर की।

**बिग बॉस से बनीं अलग पहचान**

जब 2010 में सलमान ने बिग बॉस 4 के होस्ट बने, तो जनता द्वारा यह स्वीकार्यता और प्यार और भी मजबूत हो गया। पिछले 15 सालों में सलमान ने सिर्फ शो को होस्ट नहीं किया है, एक्टर ने इसे एंकर किया है। कई बार शो के फ़ॉर्मेट बदले हैं, कंटेस्टेंट आए और गए, विवाद हुए और खत्म हो गए, लेकिन मेकर्स और दर्शकों के लिए एक चीज जो कभी नहीं बदली, वह है सलमान खान। इंडस्ट्री में अक्सर कहा जाता है कि सलमान के बिना बिग बॉस की कल्पना भी नहीं की जा सकती और इस बात से हम सभी बिग बॉस लवर भी पूरी तरह सहमत हैं। सलमान की मौजूदगी सिर्फ रेटिंग्स के बारे में नहीं है; यह अथॉरिटी, जान-पहचान और भरोसे के बारे में है। हाल के सीजन में उनकी मौजूदगी और भी ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है। सुरक्षा खतरों के बढ़ने के कारण, सलमान के बिग बॉस शूट को कथित तौर पर कई लेयर की सुरक्षा में किया गया है। सेट पर कोई दर्शक नहीं, बुलेटप्रूफ गाड़ियां, सीमित आवाजाही, कम रिहर्सल- फिर भी जब वह वीकेंड का वार के लिए स्टेज पर आते हैं, तो वह तनाव बिल्कुल नहीं दिखता। सलमान मजाक करते हैं, पाखंड का पर्दाफाश करते हैं और कभी-कभी रुककर ऐसे मोनोलॉग देते हैं जो टीवी शो से ज्यादा असल जिंदगी के अनुभव लगते हैं। इस दौरान सलमान आसानी से दोहरी पर्सनैलिटी को निभाते हैं - स्टेज के पीछे कमजोरी, स्टेज पर कंट्रोल, यही चीज उन्हें दूसरों से अलग बनाती है।

**सलमान ने नाकामियों को भी कई बार स्वीकार किया**

सलमान ने बिग बॉस के प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल मुश्किल सच्चाइयों का सीधे सामना करने के लिए भी किया है। जब हाल ही में फिल्ममेकर अभिनव कश्यप ने सलमान पर प्रोफेशनल दखलअंदाजी का आरोप लगाया, तो सलमान ने इस मुद्दे से बचने की कोशिश नहीं की। एक्टर ने इस बारे में पब्लिकली सीधे बात की और कहानी को बेकाबू होने देने के बजाय उसे एड्रेस करना चुना। इसी तरह, जब उनके सिकंदर के डायरेक्टर ने इशारा किया कि उनके देर से आने की वजह से फिल्ममेकिंग खराब हुई, तो सलमान चुप नहीं रहे। सलमान ने अपना स्टैंड साफ किया और अपने करियर में मिली नाकामयाबी को भी अपनी खास ईमानदारी के साथ माना। एक्टर ने अपनी नाकामियों को स्वीकार किया, सिनेमा की अनिश्चितता के बारे में बात की और दर्शकों को याद दिलाया कि सुपरस्टारडम भी सफलता की गारंटी नहीं देता।

**टीवी पर अपने निजी अनुभावों को शेयर करते हैं**

दरअसल, सलमान ईमानदारी से टेलीविजन पर अपनी बात दर्शकों को जरुर शेयर करते हैं, जिससे उनकी सबसे बड़ी ताकत बन गई है। गौरतलब है कि कई स्टार्स दर्शकों से पूरी तरह दूरी बनाए रखते हैं, हालांकि सलमान अपने दर्शकों को अपनी जिंदगी के अच्छे और बुरे पलों को जरुर शेयर करते हैं। एक्टकर अनुशासन, अकेलेपन, उम्र बढ़ने, प्रोफेशनल पछतावे और यहां तक कि जेल में बिताए समय के बारे में बात करते हैं - सिर्फ छोटी-मोटी बातों के तौर पर नहीं, बल्कि अपने विचारों के रूप में।

**बिग बॉस के कंटेस्टेंट्स एक्टर की तारीफें करते रहते हैं**

शायद ही एक्टर का प्रभाव सबसे साफ सबूत कंटेस्टेंट्स में ही दिखता है। कई लोगों ने खुले तौर पर, कभी मजाक में, कभी गंभीरता से, यह माना है कि बिग बॉस के घर में जाना सलमान खान के आस-पास रहने का भी एक मौका है। उनसे बातचीत, डांट या तारीफ के कुछ शब्द अक्सर ट्रॉफी से भी ज्यादा बड़ी चीज बन जाते हैं। कुछ लोगों के लिए, वीकेंड का वार पर वह छोटी सी बातचीत उनके करियर के लिए एक बड़ी बात होती है, दूसरों के लिए, यह एक ऐसा पल होता है जिसे वे सालों तक याद रखते हैं। ऐसे समय में जब सेलिब्रिटी अक्सर बनावटी लगते हैं, तो सलमान का टेलीविजन सफर इसलिए अलग दिखता है क्योंकि यह असली लगता है। एक्टर ने खुद को TV के हिसाब से नहीं बदला; TV ने खुद को सलमान हिसाब से ढाला है। चुप्पी, अजीब हंसी, तीखी डांट, अचानक मिलने वाली गर्मजोशी - ये सब एक साथ मौजूद हैं, ठीक वैसे ही जैसे असल जिंदगी में होता है। और शायद इसीलिए, दशकों तक लाइमलाइट में रहने के बाद भी सलमान खान टेलीविजन का सबसे भरोसेमंद चेहरा बने हुए हैं। इसलिए नहीं कि सलमान परफेक्ट हैं, बल्कि इसलिए कि वह मौजूद रहते हैं।

# बिग बॉस 19 के विनर गौरव खन्ना की पत्नी डांस की वजह से हुई ट्रोल, गौरव ने पत्नी आकांक्षा चमोला का बचाव किया



बिग बॉस 19 के विनर गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला को हाल ही में एक पार्टी में डांस करते हुए उनके वीडियो के वायरल होने के बाद ऑनलाइन ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। इस घटना पर सोशल मीडिया पर काफी कमेंट्स आए, जिसके बाद खन्ना को इस विवाद पर सफाई देनी पड़ी। बिग बॉस 19 के विनर गौरव खन्ना की पत्नी आकांक्षा चमोला को हाल ही में एक पार्टी में डांस करते हुए उनके वीडियो के वायरल होने के बाद ऑनलाइन ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। इस घटना पर सोशल मीडिया पर काफी कमेंट्स आए, जिसके बाद खन्ना को इस विवाद पर सफाई देनी पड़ी। वीडियो में चमोला एक सेलिब्रेशन इवेंट में डांस करती हुई दिखीं, जिसे ऑनलाइन सर्कुलेट किया गया और कई यूजर्स ने इस पर नेगेटिव कमेंट्स किए।

ट्रोलिंग चमोला के पार्टी में शामिल होने पर केंद्रित थी, जिसमें ऑनलाइन यूजर्स उनके बर्ताव पर सवाल उठा रहे थे। इसी संदर्भ में, गौरव खन्ना ने स्थिति साफ करने और अपनी पत्नी का बचाव करने के लिए आगे आए। सोशल मीडिया पर कई कमेंट्स में चमोला के डांस मूव्स की आलोचना की गई और सवाल उठाया गया कि क्या उनका व्यवहार उस मौके के लिए सही था। कुछ यूजर्स ने पर्सनल कमेंट्स किए, जिससे विवाद और बढ़ गया।

हालांकि, कुछ लोग सपोर्ट में भी थे, जिन्हें लगा कि आलोचना बेवजह है और चमोला दोस्तों और परिवार के साथ एक खुशी के पल का आनंद ले रही थीं। हंगामा स्टूडियो के साथ एक इंटरव्यू में, गौरव ने इस विवाद पर बात की और कहा, 'सबसे पहले, मैं सभी को बताना चाहता हूं कि जिन लड़कियों के साथ आकांक्षा डांस कर रही थीं, वे मेरी पब्लिसिस्ट की टीम मेंबर्स थीं, जिन्होंने बिग बॉस 19 के घर में मेरे रहने के दौरान बहुत मेहनत की थी। यह उनकी सक्सेस पार्टी थी, और हम उनके सेलिब्रेशन का हिस्सा बनने के लिए वहां गए थे। और क्योंकि मुझे ज्यादा डांस करना पसंद नहीं है, इसलिए मेरी पत्नी आकांक्षा को लगा कि उन्हें उनके साथ शामिल होना चाहिए और उस पल को और खास बनाना चाहिए, क्योंकि यह सबकी जीत थी।' उन्होंने आगे कहा 'उनमें से बहुत से लोग यह भी नहीं जानते कि वह किसके साथ डांस कर रही थी। मैं बस पीछे खड़ा था और उसे एन्जॉय करने दिया क्योंकि आखिरकार यह मेरी टीम की जीत थी। वे ऐसे लोग थे जिन्होंने मेरी गैरमौजूदगी में मेरे लिए कड़ी मेहनत की थी और वे भी एन्जॉय करने के हकदार हैं। जहां तक ट्रोलर्स की बात है, तो मुझे उनसे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि मैं समझता हूं कि वे किसी और के फैन हैं। वे भी किसी एजेंडा के साथ काम करते हैं जो इस कपल को नीचे गिराएगा। ताकि हमारा पसंदीदा सेलिब्रिटी बेहतर दिखे। गौरव ने ऑनलाइन ट्रोलिंग को खारिज करते हुए कहा कि वह सोशल मीडिया यूजर्स की बातों पर ध्यान नहीं देते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी पत्नी एक एक्स्ट्रोवर्ट हैं, जो उन्हें उनकी यह बात बहुत पसंद है और वह उनसे बहुत प्यार करते हैं। कुछ समय तक डेटिंग करने के बाद, गौरव और आकांक्षा ने 24 नवंबर, 2016 को अपने होमटाउन कानपुर में तीन दिन के शानदार शादी समारोह में शादी कर ली।

बिग बॉस 19 का समापन 7 दिसंबर को शानदार तरीके से हुआ, जिसमें गौरव खन्ना विनर बने और ट्रॉफी के साथ कैश प्राइज भी घर ले गए। उन्होंने साथी फाइनलिस्ट फरहाना भट्ट को हराकर यह टाइटल जीता। यह सीज़न 24 अगस्त को शुरू हुआ था, और घर में अपने सफ़र के दौरान, गौरव ज़्यादातर एक शांत ऑब्ज़र्वर के तौर पर देखे गए।

कार्ड एवं स्टेशनरी
शादी के कार्ड 2026 डायरी, कैलेन्डर
खत्री स्टेशनर्स
साई मंदिर के सामने, रामलीला मैदान के पास नदेसर, वाराणसी
मो.9335478047,9140457358

लेडिज सूट शॉप
Designer Salwar Suit Lancha Dress Materials
Shahnaz
GURUBAG, VARANASI PH 2390017

आल टाइप गारमेंट्स शॉप
NEW GENERATION
Yadav katra, Dashashwamedh, vns. Ph. 2451389

मेडिकल शॉप
DIABETIC CARE POINT
Retailer Of All Kinds Of Medicines
C. 14/175-2, Amar Nagar, Sonia Road, Varanasi.
Varanasi- 945048570, 9936153614
Bharat Medicals

ज्योतिष एवं रत्न विशेषज्ञ
पहले देखे चमत्कार फिर दिल से करे नमस्कार
डॉ अनूप कुमार जायसवाल
कुंडली विशेषज्ञ, हस्तरेखा, फेस रीडिंग, कुंडली मिलान
रत्न रुद्राक्ष थेरेपिस्ट, वास्तु एवं फेंगशुई विशेषज्ञ
Indias No.1 Astrologer
Lokhandwala Branch 9324652370
Bandra Branch 8108888280
HEAD OFF. : SHOP No.-2, Shastri Nagar Complex, Sigra, Varanasi-221010
Tel.: 0542-2220532, Mob.: 09305462682

होम फैशन
रथयात्रा, वाराणसी
8573035762


मेडिकल डायरेक्ट्री

बच्चों के डॉक्टर
मिनहाज चाइल्ड केयर
Dr. Minhaz Husain
MBBS, MD (Child Specialist)
पूर्व वरिष्ठ नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ (IMS-BHU)
www.minhazchildclinic.com
19A lane no 1, Ravindrapuri colony, Varanasi, UP - 221005
Mob.- 6387438255 / 8058811141

गुप्त रोग विशेषज्ञ
गुप्त रोग, ताकत जवानी
सर्वश्रेष्ठ आयुर्वेदिक क्लिनिक
राना डिस्पेन्सरी
डॉ. राना
Govt Regd. Estd, 1948
निःसंतान, धात रोग, स्वप्नदोष, नामर्दी, कमजोरी इत्यादि
60 वर्षीय अनुभवी से मिलकर लाभ उठायें
समय प्रातः 9 से रात्रि 8 बजे तक रविवार 9 से 1 बजे तक
पता: टकसाल सिनेमा के सामने ( नियर ताज होटल ) नदेसर, वाराणसी
Mob.: 6386935615, 7388779172

नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ
काशी ई.एन.टी. सेंटर
कान, नाक और गला रोग विशेषज्ञ
डॉ. अमरेन्द्र सिंह M.B.B.S., M.S. (ENT) Mumbai Fellow - Skull Base Surgery (Italy)
सिद्धिगिरीबाग (यूनियन बैंक के सामने) सिगरा, वाराणसी
Mob.: 7052111138, 7052111139, 0542-2411138

लिवर रोग विशेषज्ञ
समर्पण गैस्ट्रो एवं लिवर क्लिनिक
इलाज एवं सुविधाएं: पेट में दर्द, उल्टी, गैस्ट्रिक अल्सर,खूनी उल्टी, कब्ज, मल में रक्त, रक्तस्त्रावी, आईबीएस, आईबीडी, हेपेटाइटिस, पीलिया, लिवर सिरोसिस, लिवर एब्सेस, गैल स्टोन उपचार, अल्सर, आमाश्य में छाला, अन्दरूनी रक्तस्राव और एंडोस्कोपी व कोलोनोस्कोपी।
डॉ. शेखर पूरी MBBS, MD (IMS-BHU) DM (GASTRO.) SMS Jaipur
परामर्श समय: 08:30 से 04:00 बजे तक
माहेश्वरी भवन के पास तुलसीपुर, महमूरगंज वाराणसी। मो. 9587794338

यूरोलॉजी विशेषज्ञ
ओंकार यूरोलॉजी सेन्टर एण्ड हॉस्पिटल
Dr. Amit Kumar MS.FICS M.ch (Urology) CONSULTANT UROLOGIST
डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध
OPD Time 12 Pm to 2 Pm Mob: 8957650464
डी.63/13ए-5 अन्नपूर्णा कालोनी महमूरगंज, वाराणसी (नियर पासपोर्ट ऑफिस)

मानसिक रोग विशेषज्ञ
तनाव, अवसाद, घबराहट, बेचैनी,OCD याददाश्त कमजोर होना, स्किजोफ्रेनिया, बाइपोलर, गुस्सा, नींद की परेशानी, सिर दर्द, नशा करना, बच्चों और बड़ो की व्यवहारिक समस्याएं, आत्महत्या का विचार आना, माइग्रेन, न्यूरेल्जिया, सर्वाइकल, हाथ-पांव में झनझनाहट व मिर्गी जैसे अन्य मानसिक रोगों का इलाज उपलब्ध।
रवि न्यूरो सायकेट्री सेंटर (मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल)
लेन नं.-16 रविन्द्रपुरी, वाराणसी मो. 8756837310/ 7880893030
डॉ. श्रेयांस द्विवेदी मानसिक रोग विशेषज्ञ MBBS,DPM, MD Neuropsychiatrist

हड्डी रोग विशेषज्ञ
डा. अनुपम श्रीवास्तव
डा. आरती दिव्या
X-ray in 250 Only
Fee Rs 250 Only
वात्सल्य हॉस्पिटल
जाइंट रिप्लेसमेंट, ट्रामा, आर्थोस्कोपी ( लिगामेंट सर्जरी ) एवं स्पाइन सर्जरी
सिकरौल, वाराणसी। MOB.-9415227170